**युवा महोत्सव** | अन्तर-महाविद्यालयीन युवा महोत्सव 2025 में रचनात्मकता का धमाका

# आलकी न पालकी, जय हो भ्रष्टाचार की!




नवभारत,जबलपुर। कहीं चिड़ियों की चहचहाट, कहीं बादलों की गड़गड़ाहट, तो कहीं नदियों की कलकल कृत्रिम ध्वनियों की गूंज से संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय का हॉल जीवंत हो उठा। अवसर था अन्तर-महाविद्यालयीन युवा महोत्सव 2025 का, जहाँ मंच सजा माइम, मिमिक्री और स्किट की रंगीन प्रस्तुतियों से। आलकी न पालकी, जय हो भष्टाचार की! जैसी थीम पर युवाओं ने अपनी सृजनशीलता और सामाजिक चेतना का अनोखा संगम प्रस्तुत किया। माइम के माध्यम से कृष्ण जन्मोत्सव, सफलता की राह, ए.आई. और शिलान्यास का पत्थर जैसे विषयों पर प्रतिभागियों ने मनमोहक अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## समाज में फैले भ्रष्टाचार पर तीखा व्यंग्य

शिलान्यास का पत्थर स्किट के माध्यम से प्रतिभागियों ने नेताओं, मीडिया और समाज में फैले भ्रष्टाचार पर तीखा व्यंग्य किया, जबकि इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर और सफलता की राह जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों से खूब सराहना पाई।

## निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन को परखा

कार्यक्रम का निर्देशन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एन्टोन रोज़ के मार्गदर्शन में हुआ। सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. स्मारिका लारेन्स एवं डॉ. सोनल राय की टीम ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया, जबकि संचालन का दायित्व डॉ. मंजु सोलोमन ने निभाया। निर्णायक मंडल में बाँके बिहारी व्यौहार, संजय प्रसाद और हिमांशु राय ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन को परखा।




### युवा उत्सव कार्यक्रम के विजेता

**माइम वर्ग में विजेता**
- पहला माता गुजरी महिला महाविद्यालय
- दूसरा संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय
- तीसरा श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी

**मिमिक्री वर्ग में विजेता**
- पहला ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- दूसरा संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय


**स्किट वर्ग में विजेता**
- पहला श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- दूसरा संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय
- तीसरा शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय

### इनका कहना है


मंच पर आकर बहुत अच्छा लगा, सबकी मेहनत साफ दिखाई दी।
**सुंदरम चौधरी, महाकौशल कॉलेज**


अपने ही कॉलेज में प्रदर्शन करना बहुत खास अनुभव रहा।
**सिद्धांत ओटवानी, संत अलॉयसियस कॉलेज**


दर्शकों का प्यार देखकर मन खुश हो गया, यह दिन याद रहेगा।
**खुशी बर्मन, महाकौशल कॉलेज**


सभी टीमों ने अच्छा काम किया, आज बहुत कुछ नया सीखने को मिला।
**शेरिल विलिसिन, संत अलॉयसियस कॉलेज**

# शहर के गार्डन, डिवाइडर और चौराहों को करें व्यवस्थित : निगमायुक्त



▸ गौशाला, गार्डन, सी.एम. हेल्प लाइन, राजस्व, स्वच्छता, और अन्य आवश्यक कार्यों की समीक्षा

जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त, विभागीय प्रमुखों के साथ-साथ नगर निगम के सभी इंजीनियरों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने गौशाला, गार्डन, पी.एम. आवास योजना, स्वच्छता, राजस्व, सी.एम. हेल्प लाइन आदि कार्यों की समीक्षा की और सभी संबंधितों को कार्यों में सुधार लाने की चेतावनी देते हुए फील्ड पर रहने और व्यवस्थित कार्य कराने के निर्देश दिये।

निगमायुक्त श्री अहिरवार ने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जो रोटीन के कार्य चल रहे हैं, उसको बिना प्रभावित किये हुए सी.एम. हेल्प लाइन के प्रकरणों और राजस्व वसूली अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। इन दोनों कार्यों में किसी प्रकार की कोई लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने विशेषकर उद्यान विभाग और गौशाला के रखरखाव व्यवस्था को बहुत बेहतर ढंग से मज़बूत करने और पारदर्शी बनाने के सख्त निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को अंतिम चेतावनी दी है। उन्होंने बैठक में सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शहर के सभी गार्डन, डिवाइडर और चौराहों को भी व्यवस्थित करने की दिशा में कार्य करें।

# दैवीय शक्ति की उपासना से होता है व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास

▸ माँ निरंकार काली की 50वीं स्वर्णिम वर्षगांठ पर आयोजन

नवभारत,जबलपुर। कालीमठ, मदनमहल, आमनपुर में 12 से 19 नवम्बर तक माँ निरंकार काली की 50वीं स्वर्णिम वर्षगांठ के अवसर पर भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया कि दैवीय शक्ति की उपासना और पूजा से व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास होता है। इससे मानसिक शांति मिलती है



और जीवन में सफलता की दिशा में वृद्धि होती है। पहले दिन यज्ञ शाला में दंडी स्वामी एवं महंत चंद्रशेखरानंद जी महाराज की उपस्थिति में देव आव्हान, पंचांग पूजन और आचार्य पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ शतचंडी पाठ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कालीमठ शिष्य परिवार के भैयाराम अवस्थी, इंद्रकुमार तिवारी, संदीप जैन गुडडा, अजय ग्रोवर, यज्ञेश तिवारी, अजय यादव, विवेक श्रीवास, श्याम लाल कहार, मुकेश तिवारी, रोहित स्वामी, धर्मेश तिवारी और पूरन सिंह राजपूत सहित कई श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक अनुभव के साथ पुण्य लाभ अर्जित किया।

# जीवन में अध्यात्म और विज्ञान दोनों जरूरी हैं : महापौर

▸ आध्यात्मिक गुरू मीमाँ ने शिक्षा और ज्ञान के महत्व से परिचित कराया

जबलपुर। मानस भवन में आयोजित फिलंथरॉपिक फाउंडेशन की संस्थापक श्री मीमाँ जो कि आध्यात्मिक गुरू, विचारक और जीवन मार्गदर्शक है, जो पिछले तीन दशकों से अध्यात्म और सेवा के माध्यम से मानवता में चेतना, करूणा और संतुलन का प्रकाश फैला रही हैं। वे एक शिव साधिका हैं, पूर्ण रूप से शिव और शक्ति को समर्पित, उनका जीवन स्वयं एक साधना है, जहाँ अध्यात्म ध्यान में नहीं, कर्म और करूणा में प्रकट होता है। आध्यात्मिक गुरू मीमाँ की उपस्थिति में मानस भवन




में आयोजित नगर निगम विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षा और ज्ञान का महत्व विषय पर प्रेरणादायक वचनों से प्रेरित किया और बताया जीवन में स का बहुत महात्व है। इस दौरान उन्होंने बच्चों से परीक्षा का डर किस तरह से दूर कर सकते हैं इस संबंध में भी बच्चों की शंका का समाधान किया गया और उन्हें ध्यान और योग के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर गुरु मां का स्वागत करते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह ने कहा अध्यात्म और विज्ञान जीवन में दोनों जरूरी है विज्ञान जहां हमें आधुनिक बनाता है वहीं अध्यात्म हमे जीवन को सफल बनाने की प्रेरणा देता है। निगम विद्यालय के बच्चे निश्चित तौर पर बहुत ही प्रतिभा सम्पन्न हैं। उन्हें समय-समय पर अध्यापन के प्रति प्रेरित किया जाता है, जिसके परिणाम बहुत अच्छे प्राप्त हुए हैं। आयोजन में निगमाध्यक्ष निकुंज विज ने आयोजन की सार्थकता को स्पष्ट करते हुए कहा कि बच्चों के मन से पढ़ाई और परीक्षा का भय जो रहता है, श्री मीमाँ के इन प्रेरणादायी वचनों से निश्चित तौर पर उनका उत्साहवर्धन हुआ और भय दूर हुआ है। इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेंद्र यादव, निगम विद्यालय प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पांडेय, श्रीमती दीप्ति शर्मा, श्रीमती रागिनी गर्ग एवं विजय श्रीवास्तव, श्रीमती किरण बट्टी, श्रीमती संध्या जैन, श्रीमती संगीता दीक्षित, आदि ने अध्यात्मिक गुरू श्री मीमाँ का स्वागत किया। आयोजन में निगम के पांचों विद्यालय गोविंदगंज, घमापुर, गोरीघाट, रांझी एवं तिलवाराघाट के लगभग 1200 छात्र छात्राओं की उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन निगम विद्यालय प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पांडेय ने किया।

### एक नजर में




## दो दिवसीय सेमीनार का समापन

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल, मुख्यालय के लेखा विभाग द्वारा दो दिवसीय 19वाँ वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी यातायात निरीक्षक सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्यालय में चल रहे दो दिवसीय वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी यातायात निरीक्षक सेमीनार बुधवार को प्रारम्भ हुआ। सेमिनार का शुभारंभ अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज कुमार तथा प्रधान वित्त सलाहकार मनजीत कौर के द्वारा किया गया। सेमिनार के अवसर पर वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी यातायात निरीक्षक बुलेटिन का विमोचन किया गया इस सेमिनार में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मनीष तिवारी एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक कुशाल सिंह के द्वारा भी उद्धबोधित किया गया। उन्होंने अपने उद्धबोधन के दौरान वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी यातायात निरीक्षक को अपनी जाँच को रेलवे के बदलते परिदृश्य के अनुसार परिवर्धित करने हेतु सुझाव दिया गया। दो दिवसीय सेमिनार में अन्य क्षेत्रिय रेलवे के सहायक वित सलाहकार यातायात एवं वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी यातायात निरीक्षक ने भाग लिया एवं अपने रेलवे की कार्य पद्धति एवं वर्तमान समस्याओं पर चर्चा की एवं दिशा-निर्देश प्राप्त किये।

## समाधान योजना के प्रथम चरण में 6,895 उपभोक्ताओं को राहत

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में 6,895 उपभोक्ताओं को राहत दी। इस दौरान 78.98 लाख रुपये का सरचार्ज माफ हुआ और 2.69 करोड़ रुपये की बकाया राशि वसूल की गई। योजना का उद्देश्य तीन माह से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं को विलंबित भुगतान अधिभार में छूट देकर राहत देना है। योजना दो चरणों में लागू है: प्रथम चरण (3 नवम्बर-31 दिसम्बर 2025) में 60%-100% और द्वितीय चरण (1 जनवरी-28 फरवरी 2026) में 50%-90% सरचार्ज छूट। उपभोक्ता एकमुश्त या किस्तों में भुगतान कर लाभ उठा सकते हैं। घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को कुल बकाया का 10%, जबकि गैर-घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं को 25% जमा कर पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण या नजदीकी विद्युत कार्यालय में किया जा सकता है।

## कर्मचारियों के लिए नए फ्रिंज बेनिफिट भत्ते लागू

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर ने अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए संशोधित फ्रिंज बेनिफिट भत्ते 1 नवम्बर 2025 से लागू कर दिए हैं। यह निर्णय राज्य शासन, ऊर्जा विभाग के आदेश के अनुरूप लिया गया है। कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) संपदा सराफ गुर्जर द्वारा जारी आदेश के अनुसार कुल 11 प्रकार के भत्ते निर्धारित किए गए हैं। इनमें प्रमुख हैं, रिस्क एवं हेवी ड्यूटी भत्ता 1000, मेडिकल भत्ता 750, वॉशिंग भत्ता 300, सेटलमेंट भत्ता अधिकारियों हेतु 20,000 तथा कर्मचारियों हेतु 12,000, और कन्वेयंस भत्ता 1500 रुपए से 5000 रुपए तक। इसके अलावा, नाइट शिफ्ट भत्ता 300 से 1100 रुपए प्रति रात्रि तथा कम्पनसेटरी भत्ता 6000 से 12000 रुपए प्रति माह निर्धारित किया गया है। कंपनी ने कहा कि ये भत्ते कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा एवं प्रोत्साहन प्रदान करेंगे, जिससे कार्य संतुष्टि और संगठनात्मक कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। यह संशोधन कंपनी के सभी कार्यालयों और इकाइयों में लागू किया जाएगा।

# सोहम ने जीता नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप में रजत पदक

नवभारत,जबलपुर। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (एन. डी. वी. एस. यू.) के पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के छात्र सोहम भाट ने 1 से 6 नवम्बर 2025 तक श्रीनगर (राजबाग) के गिंदुन स्टेडियम में आयोजित 22वीं सीनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप में मिक्स्ड टीम इवेंट में रजत पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देशभर के शीर्ष खिलाड़ियों ने भाग लिया। सोहम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते




हुए अपनी टीम को फाइनल तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. (डॉ.) मंदीप शर्मा, अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा, तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. आदित्य मिश्रा ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय परिवार ने सोहम की इस सफलता को गौरव का क्षण बताया।

## शताब्दी समारोह नाट्य उत्सव आज से

जबलपुर। सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन,सिटी बंगाली क्लब जबलपुर के शताब्दी समारोह अंतर्गत तीन दिवसीय नाटय उत्सव आज से 16 नवंबर तक सेठ गोविन्द दास रंगमंच शहीद स्मारक, गोलबाजार में आयोजित किया गया है नाट्य उत्सव का शुभारंभ शुक्रवार सांय 6 बजे आकाशवाणी जबलपुर के प्रधान निदेशक प्रदीप पटले के मुख्य आतिथ्य में होगा और एस एस बी बी एल ए प्रस्तुत बांग्ला नाटक नोटी विनोदनी का मंचन होगा।



## सीवरेज-जलप्रदाय परियोजना का निरीक्षण

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड की स्वतंत्र निदेशक स्नेहलता श्रीवास्तव ने जबलपुर इकाई अंतर्गत भेड़ाघाट सीवरेज एवं जलप्रदाय परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के निर्माण कार्य की संतोष व्यक्त की और इसे सात नगरों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण बताया। श्रीमती श्रीवास्तव ने सुझाव दिया कि विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षुओं को परियोजना का अवलोकन कराया जाए और एसटीपी परिसर में सागौन जैसे पर्यावरण हितैषी वृक्ष लगाए जाएं। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रबंधक सहित संपूर्ण टीम उपस्थित रही।




## मानव तस्करी के रोकथाम पर चलाया जागरूकता अभियान

जबलपुर, नवभारत। गुरुवार को रेलवे सुरक्षा बल जबलपुर द्वारा उप निरीक्षक राजकुमार चंदेल, सहायक उप निरीक्षक केएस भवेदी साथ आरपीएफ स्टाफ द्वारा मानव तस्करी के संबंध में दिल्ली से आई टीम के साथ मानव तस्करी के संबंध में मुख्य रेलवे स्टेशन जबलपुर पर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें यात्रियों को मानव तस्करी के संबंध में जागरूक किया गया।

### भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित कर सौंपेंगे ज्ञापन

नवभारत,जबलपुर। भारतीय सर्व जनजाति सेना के तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को प्रात: 11 बजे रामायण मंदिर, सूफाताल गढ़ा में सेना के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु एकत्रित होंगे। इसके बाद वे अपने वाहनों से भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल, अधारताल चौराहा पहुँचकर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इस अवसर पर गोंडवाना राज्य की माँग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर जबलपुर को सौंपा जाएगा।

# 16 संभागों में वंदे मातरम् का हुआ भव्य आयोजन

जबलपुर। शासन के निर्देशों और कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम के सभी 16 संभागों में नागरिकों के बीच उत्सवी माहौल में वंदे मातरम कार्यकम बड़े ही भव्य और आकर्षक रूप में आयोजित किया गया तथा वंदे मातरम् की प्रस्तुति दी गई। वंदे मातरम् की प्रस्तुति से संभागों में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर देश भक्ति और राष्ट्र प्रेम के प्रतीक वंदे मातरम् की




150वीं वर्षगांठ स्मरणोत्सव के अंतर्गत संगीतमयी वंदे मातरम् की संगीतमयी प्रस्तुति दी गई। वंदे मातरम् की प्रस्तुति के दौरान संभाग क्रमांक 1 से 16 तक के संभागीय अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**कार्यशाला** | उड़ान किशोर सशक्तिकरण विषय पर कार्यशाला में चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने कहा

# किशोरावस्था पौधे के समान, जो भविष्य में फलदार वृक्ष में परिवर्तित होता है

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने कहा कि किशोरावस्था एक ऐसे पौधे के समान है, जो भविष्य में फलदार वृक्ष के रूप में परिवर्तित होती है। अत: इस अवस्था में किशोरों को अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहते हुए अपने सकारात्मक विचारों एवं कृत्यों से समाज को नई दिशा दिए जाने का प्रयास करना चाहिए। वे मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में उड़ान किशोर सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर एवं स्लोगन की सराहना करत हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर प्रशासनिक न्यायाधिपति विवेक रूसिया ने कहा कि भाषा विकास के माध्यम में बाधा उत्पन्न नहीं करती है, अपितु आत्मविश्वास व निरंतर प्रयास से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर जस्टिस विवेक अग्रवाल ने कहा कि यह कार्यशाला किशोरों के सशक्तिकरण को समर्पित है, जो कि हमारे भविष्य के नागरिक, नीति-निर्माता और समाज के संवाहक हैं। उदघाटन सत्र के दौरान न्यायोत्सव के अंतर्गत जबलपुर के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यशाला की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए स्वागत उद्बोधन में सुमन श्रीवास्तव सदस्य सचिव मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि यह कार्यशाला विधिक सेवा संस्थाओं की प्रतिबद्धता और न्यायपालिका के उस संकल्प का प्रतीक है जो हमारे किशोरों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु समर्पित हैं।

### न्यायोत्सव बाईक रैली आज

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा सप्ताह 2025 के अंतर्गत 14 नवंबर को बाईक रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में लगभग 100 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। रैली का शुभारंभ सायं चार बजे जिला एवं सत्र न्यायालय परिसरए गेट नंबर दो से होगा। बाईक रैली कलेक्टर चौराहा, रेल्वे स्टेडियम, पुल नंबर दो, एम्पायर टाकिज तिराहा, सृजन चौक, टैगोर गार्डन, यादगार चौक, झंडा चौक, शिवाजी ग्राउंड तिराहा, भीरवानी पेट्रोल पंप चौराहा, नर्मदा रोड, भंडारी हॉस्पिटल, तीसरा पुल, खालसा कालेज, आफिसर मेस चौक, पुल नंबर तीन, नागरथ चौक, इंकमटैक्स चौराहा, तैयब अली चौक, घंटाघर चौक से होते हुए वापस जिला न्यायालय पहुंचेगी।



## दो दिवसीय एथलेटिक, पीटी एवं एरोबिक प्रतियोगिताएं

नवभारत,जबलपुर। पंडित रवि शंकर शुक्ला स्टेडियम, राइट टाउन में हितकारिणी सभा विद्या परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय एथलेटिक, पीटी एवं एरोबिक प्रतियोगिताएं आज संपन्न हुईं। मुख्य अतिथि सभापति सुनैना पटेरिया एवं विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नित्य निरंजन खमरिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसभापति अशोक गुप्ता ने की। प्रतियोगिताओं में 100 मी, 200 मी, 400 मी, 600 मी और 800 मी की दौड़, रिले रेस, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, गोला फेक, तवा फेक, भाला फेंक, एकल एवं सामूहिक नृत्य समेत विभिन्न खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। बालक वर्ग में हितकारिणी विद्यालय गोरखपुर और बालिका वर्ग में हितकारिणी डुमना एवं हितकारिणी बीटी तिराहा को संयुक्त विजेता घोषित किया गया।